# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में नजर आएंगे राजधानी के 46 स्टाल

**25 से 29 सितंबर तक नोएडा में आयोजित होगा ट्रेड शो, उत्पादों की विश्व पटल पर ब्रांडिंग का मिलेगा मौका**

जासं • लखनऊ : 25 सितंबर से नोएडा में होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में लखनऊ के कई उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। उत्पादों, नवाचार और गुणवत्ता के आधार पर चयनित किए गए राजधानी के 46 उद्यमी ट्रेड शो में प्रतिभाग करेंगे। उपायुक्त उद्योग मनोज चौरसिया ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए बहुत बड़ा मंच दिया जा रहा है। दुनिया भर से लोग इस ट्रेड शो को देखने के लिए आएंगे। ऐसे में लोकल उत्पादों को विश्व के बाजार तक पहुंचाने के साथ ही दुनिया भर में किस तरह के उत्पादों की डिमांड है, इसकी जानकारी भी ट्रेड शो में मिलेगी।

लखनऊ से छह प्रमुख निर्यातक भाग लेंगे जो जरी, जरदोजी, चिकनकारी, टेस्टिंग किट और चिकनकारी के प्रोडक्ट से संबंधित अपने स्टाल लगाएंगे। इसके अलावा आर्ट एग्रो प्रोडक्ट, रेडीमेड गारमेंट, हर्बल चाय, वूलन लेबल, जूट बैग, आर्गेनिक फैब्रिक और चिकनकारी के कपड़ों का निर्यात करने वाले 10 कारोबारी भी स्टाल लगाने के लिए चयनित किए गए हैं।

सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर खास ध्यान दे रही है और इस बार के केंद्रीय बजट में भी कई घोषणाएं की गई हैं। एमएसएमई सेक्टर को आगे बढ़ाने में यह ट्रेड शो काफी कारगर साबित हो सकता है। इसीलिए एमएमएसई सेक्टर के 12 उद्यमियों को ट्रेड शो में भेजा जा रहा है।